भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3323

दिनांक 24 **मार्च**, 2021

कच्चे तेल की आयात संबंधी समिति

3323. **श्रीमती फूलो देवी नेतम**:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क): देश में कच्चे तेल का आयात और घरेलू उपयोग की गैस के उत्पादन के संबंध में डा. विजय केलकर की अध्यक्षता में बनी समिति ने क्या-क्या सुझाव दिए हैं; और

(ख): सरकार ने किन-किन सुझावों पर कार्य करना शुरु कर दिया है और इस संबंध में निर्धारित लक्ष्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

(**श्री धर्मेन्द्र प्रधान**)

(क) और (ख): वर्ष 2030 तक तेल और गैस का घरेलू उत्पादन बढ़ाने और आयात निर्भरता में दीर्घकालिक कटौती करने के उद्देश्य से फरवरी, 2013 में डा. विजय केलकर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। समिति ने सितम्बर, 2014 में सरकार को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में 52 सिफारिशें की हैं। सरकार ने इन 52 सिफारिशों में से 47 सिफारिशों को स्वीकार कर लिया गया है और उन पर कार्रवाई की गई है। समिति की प्रमुख सिफारिशें निम्नवत हैं:

- नेशनल डेटा रिपोजिटरी (एनडीआर) की स्थापना।
- खुला रकबा लाइसेंस नीति की यथाशीघ्र शुरूआत।
- उत्पादन हिस्सेदारी संविदा को सहजता से लागू करने के लिए प्रशासनिक सुधार।
- बोली मूल्यांकन में तकनीकी मानदंड को अधिक वरीयता देना।
- राष्ट्रीय तेल कंम नियों (एनओसीज) के बोर्डों को सशक्त बनाना।
- डीजीएच द्वारा प्रभावी ढंग से कार्य करने हेतु क्षमता निर्माण।
- अनुमोदन और मंजूरी प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करना।
- पूर्वी और पश्चिमी तट के साथ साथ 'पेट्रोलियम समूह' विकसित करना।
- ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस का हिस्सा बढ़ाने के लिए प्राकृतिक गैस ग्रिड का विकास।
- वर्ष 2017 तक या अगली मूल्य-निर्धारण अवधि तक बाजार निर्धारित गैस मूल्य व्यवस्था को अपनाना।
- तेल और गैस का एक प्रतिभा हब बनाने के लिए भारतीय जनसांख्यिकी का फायदा उठाना।
- भावी तेल और गैस कंम नियों में पण अर्जन।
- राष्ट्रीय तेल कंम नियों (एनओसीज) को शक्ति संपन्न और मजबूत बनाना।
- गैर महत्वपूर्ण कारोबार को उजागर करना।

****